**HINDI**

**Paper 2**

*(Two Hours)*

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will NOT be allowed to write during the first **15** minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Answer **five** questions from **three** books only.*

*You must answer at least **one** question from each of the **three** books you have chosen.*

किन्हीं **तीन** पुस्तकों में से केवल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

चुनी हुई **तीन** पुस्तकों में से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है ।

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

**-: कथा-कुञ्ज :-**

**Question 1**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

फिर सहसा वह सोचने लगी — "वह सफल क्यों हो । श्रावस्ती का दुर्ग एक विदेशी के अधिकार में क्यों चला जाय ? मगध कोशल का चिर शत्रु है । ओह, उसकी विजय ! कोशल नरेश ने क्या कहा था — सिंहमित्र की कन्या ! सिंहमित्र कोशल का रक्षक वीर ! उसी की कन्या आज क्या करने जा रही है ॥

(i) सहसा कौन सोचने लगा और उसके सोचने का विषय क्या था ? [4]

(ii) श्रावस्ती का दुर्ग किस राज्य में स्थित था ? उस पर अधिकार करने की चेष्टा कौन कर रहा था और क्यों ? [4]

(iii) सिंहमित्र के विषय में आप क्या जानते हैं ? [4]

(iv) इस अवतरण का सन्दर्भ देते हुए कहानी से मिलने वाली शिक्षा पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए । [4]

---

**This paper consists of 7 printed pages and 1 blank page.**



© Copyright *Reserved*

## Question 2

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

प्रोफेसर साहब एक गाँव के पास आ रुके । अन्दाज से उन्होंने जाना कि यह मनाली ही होगा और उन्हें याद आया कि यहाँ एक दर्शनीय प्राचीन मन्दिर है । गाँव के लोगों से पता पूछते हुए वे मनु मन्दिर पर पहुँच ही गये । मन्दिर छोटा था, सुन्दर भी नहीं था, लेकिन संसार भर में मनु का एकमात्र मन्दिर होने के नाते अलग महत्त्व रखता था ।

(i) मनु का संक्षिप्त परिचय देते हुए यह बताइए कि उनका मन्दिर कहाँ और किस अवस्था में स्थित है ?

(ii) गाँव के लोगों से पता पूछते हुए मनु के मन्दिर में कौन पहुँचा, वहाँ उसके पहुँचने का उद्देश्य क्या था ?

(iii) "संसार भर में मनु का एकमात्र मन्दिर होने के नाते अलग महत्त्व रखता था" गद्यांश का भाव समझाइये ।

(iv) कहानी के उद्देश्य को संक्षेप में लिखिए ।

## Question 3

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

अभी आपने संसार नहीं देखा, ऐसी सच्चाई के लिए संसार में स्थान नहीं है । आप मेरे यहाँ नौकरी कर रहे हैं, इस सेवा धर्म पर विचार कीजिए । अभी आपको इस संसार में बहुत दिन तक रहना है । अभी से आप यह धर्म और सत्यता धारण करेंगे तो अपने जीवन से आपको निराशा के सिवा कुछ प्राप्त नहीं होगा ।

(i) ये पंक्तियाँ किसे सम्बोधित करके कही गयी हैं ? इसके पीछे वक्ता का आशय क्या है ?

(ii) उपर्युक्त अवतरण कहाँ से लिया गया है ? इस अवतरण का भाव स्पष्ट कीजिये ।

(iii) सेवा धर्म का पाठ किसे पढ़ाया जा रहा है और क्यों ?

(iv) इस कहानी के माध्यम से लेखक अपने पाठकों को क्या सन्देश देना चाहता है ?

### -: गद्याञ्जलि :-

## Question 4

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

साहित्य ने समाज की दशा वहाँ कुछ की कुछ कर दी है, शासन-प्रबन्ध में बड़े-बड़े उथल-पुथल कर डाले हैं, यहाँ तक कि अनुदार धार्मिक भावों को भी जड़ से उखाड़ फेंका है ।

(i) साहित्य शब्द का अर्थ लिखिए और यह भी स्पष्ट करिए कि उसने समाज को कैसे प्रभावित किया है ?

(ii) अनुदार धार्मिक भाव से लेखक का क्या आशय है ? इन भावों को किसने किस प्रकार प्रभावित किया है ? [4]

(iii) उपर्युक्त गद्य-खण्ड किस पाठ से लिया गया है ''जड़ से उखाड़ फेंका है'' वाक्यांश के भाव को स्पष्ट कीजिए । [4]

(iv) उपर्युक्त अवतरण से सम्बन्धित पाठ के माध्यम से लेखक अपने पाठकों को क्या सन्देश देना चाहता है ? [4]

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

वे सच्चे अर्थों में योद्धा था जो झुकना जानता ही नहीं । बुद्धि, विवेक, परिस्थिति के अनुरूप मौनावलम्बन, संगठन-शक्ति आदि सफल सेनापति के सभी सद्गुणों का उसमें अद्भुत समन्वय था ।

(i) सच्चा योद्धा किसको कहा गया है और क्यों ? [4]

(ii) निम्नलिखित शब्दों के उपयुक्त अर्थ लिखिए —

(1) अनुरूप

(2) अद्भुत

(3) मौनावलम्बन

(4) समन्वय । [4]

(iii) इन पंक्तियों का सन्दर्भ देते हुए उस घटना का उल्लेख कीजिए जिसके आधार पर 'बल्लभ भाई' को 'सरदार' के रूप में ख्याति प्राप्त हुई । [4]

(iv) सफल सेनापति के सभी सद्गुण किस भारतीय नेता में विद्यमान थे ? इसके साथ ही यह भी बताइए कि उक्त नेता में कौनसी तीन विशेषताएँ थीं जिनके कारण उसका व्यक्तित्व अलग ही झलकता था । [4]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

मेरा दिमाग हर चेहरे, हर आवाज और हर नाम का सम्बन्ध किसी-न-किसी विज्ञापन के साथ जोड़ देता है ।

(i) यह कथन किसका है, किससे कहा गया है और क्यों ? [4]

(ii) आवाज और विज्ञापन के बीच कैसा सम्बन्ध है ? लेखक को इसका ज्ञान कैसे हुआ ? [4]

(iii) वह कौनसा नाम है जिसे सुबह-सुबह सुनते ही लेखक को कोई चेहरा याद आ जाता है, वह चेहरा कौनसा है और क्यों याद आता है ? [4]

(iv) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? पाठ के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए । [4]

-: नया रास्ता :-

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

माताजी शायद कुछ पैसे की तरफ झुक चुकी थीं । वह बोलीं, "रूप-रंग में तो कम धनीमलजी की लड़की भी नहीं है ।'' फोटो दिखाते हुए बोलीं, "देखो फोटो, कैसे तीखे नाक-नक्श हैं इसके और भाई तौर-तरीके, आदत का तो साथ रहने पर ही पता चलता है ।''

(i) पैसे की तरफ झुकाव किसका हो चुका था और क्यों ?

(ii) माताजी किस फोटो की तारीफ कर रही थीं ? वह किसकी थी ? वह उन्हें कहाँ से मिली थी ? उसकी प्रशंसा का कारण बताइये ।

(iii) उपर्युक्त अवतरण के आधार पर माताजी की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

(iv) अमित की मनोदशा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए ।

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

बेटे के ये शब्द सुनकर 'मायाराम' जी को लगा कि बेटे के साथ जबरदस्ती की जा रही है । एक बार पिता के नाते उनके हृदय में यह भाव उठा कि बेटे की जिन्दगी के साथ यह खिलवाड़ करना उचित नहीं है । अभी इसी भाव में डूबे थे कि दूसरी ओर से उनकी पत्नी ने अपने विचार प्रकट करने शुरू किए ।

(i) 'बेटा' शब्द का प्रयोग किसके लिए है ? उसके साथ जबरदस्ती कौन कर रहा है और क्यों ?

(ii) बेटे के किन शब्दों ने मायाराम को उसकी (बेटे की) जिंदगी के विषय में सोचने के लिए विवश सा कर दिया ।

(iii) मायारामजी अपने बेटे के उज्ज्वल भविष्य के लिए तत्काल कोई उचित निर्णय लेने में समर्थ हुए अथवा नहीं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

(iv) उपर्युक्त अवतरण के आधार पर 'मायाराम' की मनोदशा का वर्णन कीजिए ।

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

मीनू ने अमित से कोई बात नहीं की और चुपचाप अन्दर चली गयी । अमित को देखकर न जाने

[illegible] अतीत की स्मृतियाँ ताजी हो उठीं । उसके हृदय में वह पीड़ा अकुला उठी, जिसे अब तक दबाये [illegible] थी ।

(i) अमित का परिचय देते हुए यह बताइए कि उसने 'मीनू' की प्रशंसा में क्या कहा और क्यों ? [4]

(ii) 'अमित' को देखकर 'मीनू' की कौनसी स्मृतियाँ ताजी हो उठीं ? [4]

(iii) मीनू के हृदय में कौनसी पीड़ा दबी हुई थी ? वह कब अकुला उठी और क्यों ? [4]

(iv) 'मीनू' की मनोदशा का वर्णन कीजिए । [4]

## -: एकांकी संचय :-

### Question 10

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

जिन बातों का हम प्राण देकर भी विरोध करने को तैयार रहते हैं, एक समय आता है, जब चाहे किसी कारण से; हम उन्हीं बातों को चुपचाप स्वीकार कर लेते हैं ।

(i) उपर्युक्त कथन किसने, किससे और किस अवसर पर कहा ? [4]

(ii) ये पंक्तियाँ किस एकांकी से ली गयी हैं ? "हम उन्हीं बातों को चुपचाप स्वीकार कर लेते हैं" वाक्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए । [4]

(iii) लेखक इस एकांकी के माध्यम से अपने पाठकों को क्या सन्देश देना चाहता है ? [4]

(iv) 'उमा' की चारित्रिक विशेषताओं का संक्षेप में उल्लेख कीजिए । [4]

### Question 11

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

मेरे वीरो ! तुम अग्नि-कुल के अंगारे हो । अपने वंश की आभा को क्षीण न होने देना । प्रतिज्ञा करो कि प्राणों के रहते हम इस नकली दुर्ग पर मेवाड़ की राज्य-पताका को स्थापित नहीं होने देंगे ।

(i) ये पंक्तियाँ किसने, किससे, किस अवसर पर कही हैं और क्यों ? [4]

(ii) वक्ता का संक्षिप्त परिचय दीजिए । [4]

(iii) एकांकी के उद्देश्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए । [4]

(iv) "तुम अग्नि-कुल के अंगारे हो" वाक्य के भाव को समझाइये । [4]

## Question 12

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

. . . . . . मैं आपका अत्यन्त आभारी हूँ, अत्यन्त आभारी । आप निश्चय रखें । मैं जी जान से स्त्रियों के अधिकारों की रक्षा करूँगा । महिलाओं के अधिकारों का मुझसे बेहतर रक्षक आपको वर्तमान उम्मीदवारों में कहीं नजर न आयेगा ।

(i) कौन किसका आभारी है और क्यों ? [4]

(ii) वक्ता का चरित्र-चित्रण संक्षेप में कीजिए । [4]

(iii) उपर्युक्त गद्य-खण्ड कहाँ से लिया गया है ? लेखक इसके द्वारा क्या कहना चाहता है ? [4]

(iv) एकांकी के शीर्षक की सार्थकता पर संक्षेप में प्रकाश डालिए । उत्तर पाँच पंक्तियों से अधिक नहीं होना चाहिए । [4]

-: काव्य-कल्प :-

## Question 13

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

तुम जन गण मन अधिनायक हो,
तुम हँसो कि फूले फले देश ।
आओ सिंहासन पर बैठो —
यह राज्य तुम्हारा है अशेष ।

(i) प्रस्तुत अवतरण कहाँ से लिया गया है ? [2]

(ii) जन गण मन अधिनायक किसे कहा गया है और क्यों ? [4]

(iii) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :—

(1) अधिनायक

(2) अशेष

(3) जन-गण-मन

(4) सिंहासन । [4]

(iv) इस कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए । [6]

**Question 14**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

हमारे प्रभु औगुन चित न धरौ ।
समदरसी है नाम तिहारौ सोई पार करौ ।
इक लोहा पूजा में लागत इक घर बधिक परौ ।
सो दुविधा पारस नहिं जानत कंचन करत खरौ ।
इक नदिया इक नार कहावत, मैलो नीर भरौ ।
जब मिलि गये तब एक बरन है, गंगा नाम परौ ।
तन माया, ज्यों ब्रह्म कहावत, सूर सु मिलि बिगरौ ।
कै इनकौ निरधार कीजिए कै प्रन जात टरौ ।।

(i) कौन किससे अपने अवगुणों पर ध्यान न देने की प्रार्थना कर रहा है और क्यों ? [4]

(ii) 'माया' शब्द का अर्थ लिखिए और यह भी स्पष्ट कीजिए कि इसके साथ मिलने के बाद 'जीव' में क्या विकार आ जाता है ? [4]

(iii) 'दुविधा' शब्द का उपयुक्त अर्थ लिखिए और यह भी बताइए कि किसके व्यवहार में दुविधा नहीं पायी जाती और क्यों ? [4]

(iv) इस कविता में प्रयुक्त 'समदरसी' शब्द के अर्थ को इस कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए । [4]

**Question 15**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions (i) to (iv) that follow:

ले-देकर जीना क्या जीना ?
कब तक गम के आँसू पीना ?
मानवता ने सींचा तुझको,
बहा युगों तक खून पसीना ।
कुछ न करेगा किया करेगा —
रे मनुष्य ! बस कातर क्रन्दन
कुछ भी बन बस कायर मत बन ।

(i) 'ले-देकर जीना क्या जीना, कब तक गम के आँसू पीना' ? पंक्ति की व्याख्या कीजिए । [4]

(ii) 'मानवता' का अर्थ लिखिए और यह भी बताइए कि उसने मनुष्य की प्रगति में क्या योगदान किया है ? [4]

(iii) कातर-क्रन्दन का अर्थ लिखकर बताइये कि कवि इस शब्द के द्वारा क्या कहना चाहता है ? [4]

(iv) इस कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । [4]